हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 30 अप्रैल 2024



## खबर संक्षेप

### परीक्षा परिणाम एवं दीक्षांत समारोह आज

**सड़क अतरिया।** वेद विज्ञान विद्या मंदिर हिन्दी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सड़क अतरिया में कल मंगलवार को स्थानीय कक्षाओं का परीक्षा परिणाम की घोषणा किया जाएगा। कल ही दीक्षांत समारोह का आयोजन रखा गया है। शाला प्रबंधन ने पालक एवं छात्रों से प्रातः 10 बजे विद्यालय में उपस्थित होने की अपील किया है।

### बीपीएस में परीक्षा के नतीजे आज

**डोंगरगांव।** स्थानीय बीपीएस पैरेन्ट्स प्राइड इंग्लिश मीडियम स्कूल में स्थानीय वार्षिक परीक्षा के परिणाम संस्था में कल 30 अप्रैल को सुबह 9 बजे घोषित किए जाएंगे। प्रभारी प्राचार्य नीलेश श्रीवास्तव के जानकारी अनुसार नर्सरी, केजी वन, केजी टू सहित कक्षा एक से लेकर कक्षा 9 वीं तक की परीक्षा के परिणाम घोषित किए जाएंगे। उन्होंने समस्त अभिभावकों, पालकों एवं छात्र छात्राओं से उपस्थिति की अपील की है।

### बूंदाबांदी के बाद तेज धूप

**राजनांदगांव।** अप्रैल माह के अंतिम दिनों में मौसम में लगातार परिवर्तन का दौर चल रहा है। सोमवार को सुबह के समय अंचल के कुछ क्षेत्रों में बूंदाबांदी हुई। इसके बाद तेज धूप व भीषण गर्मी का वातावरण निर्मित रहा। जिससे लोग हलाकान रहे।

## माए एंगल




# चिकन पार्टी के दौरान आपसी विवाद, युवक की धारदार हथियार से हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के शंकरपुर रामनगर इलाके में बीती रात एक युवक पर अज्ञात आरोपियों ने हाथ-मुक्का एवं धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या कर दी। रात लगभग 9 बजे पुलिस को युवक की लाश पड़े होने की सूचना हुई तो पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस इस मामले में आरोपियों की पतासाजी करने जुटी हुई है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत शंकरपुर-रामनगर इलाके में एक युवक पर अज्ञात आरोपियों ने आपसी विवाद के चलते हाथ-मुक्का और धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या कर दी थी। मृतक की शिनाख्ति छोटू उर्फ महेश साहू उम्र लगभग 25 वर्ष रामनगर निवासी के रूप में की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस की टीमें अब आरोपी तक पहुंचने की कवायद में जुट गई है। बताया गया कि आरोपी की पहचान के बाद सीसीटीवी फूटेज की मदद से उसकी पता साजी की जा रही है। वहीं आरोपी के फोन नंबर को भी ट्रेस किया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक जल्द ही आरोपी तक पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इधर इस मामले के बाद नशे के अवैध कारोबार को लेकर भी लोगों में नाराजगी दिखाई दी।

### महिला मित्र को लेकर हुआ आपस में विवाद, हत्या के बाद फरार आरोपी की तलाश

#### धारदार हथियार से हमला

रात लगभग 9 बजे युवक का लहुलुहान शव पड़ा होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा ऐसी आशंका व्यक्त की जा रही है कि कुछ युवक पार्टी कर शराब पी रहे थे। इस दौरान आपसी विवाद हुआ, विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने मिलकर छोटू उर्फ महेश से हाथ मुक्का से मारपीट करते धारदार हथियार से उसके गले में भी ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई।




#### क्षेत्र में सनसनी

रात में हुए उक्त घटना को लेकर चिखली चौकी पुलिस टीम एवं साइबर सेल आरोपियों की पतासाजी करने के लिए सरगर्मी से जुटी हुई है। हत्या के इस मामले को लेकर संदेहियों से पूछताछ भी की जा रही है। पुलिस ने उम्मीद जताई है कि आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर ली जाएगी। इधर उक्त क्षेत्र में युवक की हत्या होने की घटना की खबर जैसे ही आसपास के लोगों को हुई, क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

### डंपयार्ड में कचरे का ढ़ेर, सेंटरों में गीला-सूखा कचरा भी नहीं हो रहा अलग


# शहर की सफाई का हाल जानने अगले माह दिल्ली से आएगी एनजीटी की टीम


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्वच्छ भारत मिशन के तहत पिछले एक दशक से हर शहर को साफ रखने की कवायद की जा रही है। राजनांदगांव शहर में भी मिशन क्लीन सिटी के तहत सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, लेकिन इसके बावजूद शहर में सफाई का हाल बुरा है। हालात यह है कि डंपयार्ड में पड़े कचरे का निष्पादन ही नहीं हो रहा है। इसके साथ ही डोर-टू-डोर कलेक्शन के बाद गीला-सूखा कचरा भी एसएलआरएम सेंटरों में पृथक नहीं किया जा रहा है। जबकि अगले महीने ही पूरी सफाई व्यवस्था देखने के लिए दिल्ली से एनजीटी की टीम आने वाली है। ऐसे में अब व्यवस्था सुधारने के लिए निगम ने अपनी टीम को अलर्ट कर दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार एनजीटी से मिले निर्देश के बाद प्रदेश शासन ने भी कुछ बिंदुओं को लेकर व्यवस्था दरूस्त करने सभी निकायों को कहा है। बकायदा प्रदेश शासन की तरफ से सभी नगरीय निकायों में अपशिष्ट प्रबंधन एवं यूज्ड वाटर मैनेजमेंट के संबंध में किए जा रहे कार्यों की जांच के लिए दल गठित कर दिए हैं। पिछले सप्ताह ही ऐसा ही एक दल राजनांदगांव नगर निगम के दौरे पर था, जिस दौरान दल ने शहर में डोर-टू-डोर कलेक्शन के साथ ही अन्य व्यवस्थाएं देखी। प्रदेश शासन ने सभी दल को सात मई से पहले तक अपनी जांच रिपोर्ट देने कहा है। मिली जानकारी के अनुसार इस जांच के लिए सभी निकायों को एक कोड भी जारी किया गया है, जो उनकी रिपोर्ट में शामिल किया जाएगा।

### ठेके वाले वार्डों में सफाई की व्यवस्था अधिक खराब, कार्रवाई नहीं





#### सुधार के निर्देश

एनजीटी की टीम के आने से पहले प्रदेश सरकार ने एक दल को राजनांदगांव नगर निगम की हालत देखने भेजा था। सीनियर इंजीनियर ने नगर निगम की टीम के साथ शहर के अलग-अलग इलाकों में जाकर जांच की। इस दौरान उन्होंने निगम टीम को एसएलआरएम सेंटर में गीला-सूखा कचरा अलग-अलग करने की हिदायत दी। इसके साथ ही नालियों की बेहतर सफाई और डंपयार्ड की जल्द से जल्द निष्पादन की कार्रवाई कराने कहा गया।

#### इन बिंदुओं पर होगी जांच

मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली से आने वाली एनजीटी की टीम शहर में होने वाले डोर-टू-डोर कलेक्शन में यह देखेगी कि सभी घरों से कचरा लिया जा रहा है या नहीं। गीला और सूखा कचरा अलग-अलग लिया जा रहा है या नहीं, एसएलआरएम सेंटर में कचरा अलग-अलग किया जा रहा है या नहीं। इसके साथ ही साफ नाली और सड़क शहर में है या नहीं, जहां कचरा जमा किया जा रहा है उसका निष्पादन कितने दिनों और कैसे किया जा रहा है? वहीं टीम यह भी देखेगी कि शहर में कचरे से खाद्य बनाने का काम कैसे और कितना किया जा रहा है।

#### डंपयार्ड में पड़ा 30-40 टन कचरा

शहर के कचरे को रखने के लिए नवागांव के करीब डंपयार्ड बनाया गया है, जहां कचरा रखा जाता है। इस कचरे को ही निष्पादन कर खाद्य बनाने का काम भी होता है, लेकिन जिस ठेकेदार को कचरा निष्पादन का टेंडर दिया गया है, वह बहुत ही धीमा काम कर रहा है। निगम ने संबंधित ठेकेदार को नोटिस भी जारी की है। बताया गया कि करीबन 30 से 40 टन कचरा डंपयार्ड में पड़ा हुआ है, ऐसे में एनजीटी की टीम आने से पहले उसका निष्पादन नहीं किया गया तो निगम के अफसरों को फटकार भी लग सकती है।

# मोपेड़ में ले जा रहा था 120 पौवा शराब घेराबंदी कर पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस को सूचना मिली थी कि मोपेड में अवैध रूप से शराब परिवहन किया जा रहा है, जिस पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा। जिससे 120 पौवा देशी एवं अंग्रेजी शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में पुलिस चौकी तुमडीबोड द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री एवं परिवहन के मामले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार मुखबीर की सूचना पर 28 अप्रैल को ग्राम भ्रमण एवं पेट्रोलिंग के दौरान तुमडीबोड बस स्टैंड के पास आरोपी को घेराबंदी करने पर एक व्यक्ति बिना नंबर बैगनी रंग के जूपीटर वाहन को पुलिस को देखकर तुमडीबोड बस्ती की ओर भागने का प्रयास करने लगा, जिस पर पुलिस द्वारा दौड़ाकर पकड़ा गया एवं चेक करने पर आरोपी जावेद पटेल पिता दाऊत पटेल 26 वर्ष साकिन अटल आवास पेंड्री स्थाई पता ग्राम दुधगांव थाना ढोकी जिला उस्मानाबाद महाराष्ट्र के कब्जे से बिना नंबर बैगनी रंग के जूपीटर वाहन की पैरदानी में दो प्लास्टिक बोरी में रखे करीब 75 पौवा देशी प्लेन शराब एवं जूपीटर वाहन के डिक्की में रखे 45 पौवा जम्मू डिलक्स व्हीस्की पाए जाने पर कुल 120 पौवा शराब बरामद किया गया। आरोपी द्वारा उक्त शराब अपने साथी साजन यादव पेंड्री निवासी का होना बताने पर वैधानिक कार्रवाई कर आरोपी जावेद पटेल को गिरफ्तार किया एवं माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। मामले में अन्य फरार आरोपी की पता तलाश की जा रही है।

# बोर में विस्फोट से मौत मामले में संदेही तक पहुंची पुलिस, आज गिरफ्तारी संभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



ग्राम जामसरार में बोर शुरू करते समय तेज आवाज के साथ धमाका होने एवं एक युवक की मौके पर ही मौत हो जाने के मामले में जांच पड़ताल में जुटी पुलिस को शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिए जाने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस टीम इस मामले में संदेहियों से पूछताछ भी कर रही है।

पुलिस के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जामसरार में संतोष वैष्णव के फार्म हाऊस में 28 अप्रैल को सुबह के समय मजदूरी का काम करने वाला नरेश कुमार ओटी 31 वर्ष गया हुआ था। वह जब प्रतिदिन की तरह बोर को स्टार्ट करने के लिए स्टार्टर का बटन दबाया, उसी समय जोरदार आवाज के साथ ब्लास्ट हो गया था। जिससे ब्लास्ट की जगह से लगभग 26 फीट दूरी पर नरेश जा गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी।

#### सरगर्मी से जांच पड़ताल

इस घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस टीम पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। पुलिस ने इस मामले की जांच एवं आरोपियों तक पहुंचने के लिए अलग-अलग टीम भी बनाई है। पुलिस सूत्रों की माने तो पुलिस इस मामले में संदेहियों एवं अन्य लोगों से पूछताछ भी कर रही है। पुलिस द्वारा संभावना जताई जा रही है कि शीघ्र ही उक्त मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

### लापरवाही...नियमों को ताक पर रख दुर्घटना को न्योता दे रहे लोग, प्रशासन भी बेखबर !

# मालवाहक में ढोये जा रहे यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बेमेतरा में रविवार की रात हुई घटना में आठ लोगों की दर्दनाक मौत होने के बाद भी मालवाहक वाहनों में यात्रियों को बिठाने का सिलसिला नहीं थमा है। सोमवार को बारातियों से भरी कई मालवाहक वाहन शहर सहित जिलेभर में दौड़ते रहे, लेकिन परिवहन और पुलिस विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की।

उल्लेखनीय है कि रविवार की रात बेमेतरा में एक पिकअप वाहन के खड़ी ट्रक में टकरा जाने से नौ ग्रामीणों की दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीण छठी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इस घटना के बाद राज्य शासन ने मालवाहक वाहनों में यात्रियों को बिठाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश भी जारी किए हैं, लेकिन सोमवार को शहर सहित जिलेभर में मालवाहक वाहनों में यात्रियों को बिठाने का सिलसिला जारी रहा। इस मामले में न तो परिवहन विभाग के अमले ने कोई कार्रवाई की और न ही पुलिस ने।



शहर सहित गांव में इस तरह की लगातार तस्वीरे सामने आ रही है, जिसमें लोग क्षमता से अधिक लोगों को मालवाहक वाहन में भरकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर सफर कर रहे है। इस दौरान यातायात विभाग भी ध्यान नहीं दे रहा है।

### डोंगरगढ़ सबसे गर्म शहर

# बेमौसम बारिश का भी असर नहीं, पारा@41

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवाओं के चलते प्रदेशभर में बीते दो दिनों से मौसम बदला हुआ है। बस्तर संभाग के साथ ही राजनांदगांव जिले में भी इस बदले हुए मौसम के चलते सोमवार अलसुबह बेमौसम बारिश देखने को मिली। हालांकि इस बारिश का असर तापमान में नहीं देखने को मिला। अंचल का अधिकतम पारा रविवार के मुकाबले सोमवार को महज एक डिग्री कम यानि 41 डिग्री पर रहा। इधर आज के लिए भी मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि बस्तर संभाग के कुछ इलाकों में बारिश देखने को मिल सकती है। जिसका असर जिले के कुछ इलाकों में देखने को भी मिल सकता है। वहीं डोंगरगढ़ शहर सोमवार को भी प्रदेश के सबसे गर्म शहर में शामिल रहा। यहां अधिकतम पारा 43 डिग्री के करीब रहा।

# अस्पताल से फोन की चोरी, गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने मोबाईल चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपी से मोबाईल बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी डॉ. नरेन्द्र गांधी उम्र 68 वर्ष निवासी बसंतपुर ने 29 अप्रैल को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि मरीजों की सुविधा के लिए व समय देने के लिए नर्सिंग होम में पदस्थ स्टाफ को एक रियल मी कंपनी का मोबाइल, जिसमें जियो कंपनी का सिम लगा हुआ था, दिया गया था, जिसे 26 अप्रैल की रात्रि 10 बजे के लगभग अस्पताल से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया, जिस पर धारा 457, 380 भादवि कायम कर विवेचना की गई। आरोपी की पतासाजी हेतु टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरी की मोबाइल कीमती 6000 रुपए को संदेही आरोपी ऋषभ केमे के मेमोरंडम के आधार पर बरामद कर जब्त किया गया है तथा आरोपी को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा।






## खबर संक्षेप

### अहिरवार समाज के छात्रों का केरियर काउंसलिंग 5 मई को

**कवर्धा।** कवर्धा में गुरु कृपा युवा कल्याण समिति के तत्वाधान में गतवर्ष की भांति अहिरवार समाज के छात्र, जो शिक्षा सत्र 2023-24 में 10वीं और 12वीं की परीक्षा दिए हैं। उन समस्त छात्रों को आगामी क्लास में विषय चयन, और प्रोफेशनल कोर्स के पूरी जानकारी दी जाएगी। प्रायः देखा गया है, कि उचित जानकारी के अभाव में छात्र ऐसे विषय का चयन कर लेते हैं जिसका मार्केट स्कोप की जानकारी नहीं रहती। जिससे पालक और बालक दोनों का समय साधन बिगड़ता है। गुरुकृपा युवा कल्याण समिति और समाज का साधारण सभा की वार्षिक बैठक होगी । जिसमें पालक व छात्र - छात्राओं और समाज के सभी लोगों से अपील है कि इस अवसर का अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभ ले।

### ट्यूबवेल केबल वायर चोरी करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**कवर्धा।** विगतदिनों प्रार्थी निलेश पटेल पिता बेलासु पटेल आयु 24 वर्ष निवासी छिरहा थाना कवर्धा एवं जगाती राम पटेल पिता अंतूराम पटेल आयु 38 वर्ष निवासी छिरहा थाना कवर्धा थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 13 अप्रैल 2024 को छिरहा खार स्थित ट्यूबवेल के कैबल वावर जुमला किमती-17,600 रूपए को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है, कि रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना कवर्धा में तत्काल अपराध क्रमांक 302/2024 धारा 454,380,34 भादवि एवं अपराध क्रमांक 303/2024 यारा 457,380 भादवि पंजीबद्ध कर जांच पतासाजी विवेचना में लिया गया। जन आस्थाओ को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव के द्वारा तत्काल कार्यवाही हेतु निर्देशित कर आरोपी पतासाजी हेतु एक विशेष टीम गठित किया गया। टीम द्वारा आसपास पतासाजी दौरान पता चला कि अपचारी बालको द्वारा छिरहा खार में ट्यूबवेल वायर को चोरी करना पाया गया। जिसे विधिवत पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करना एवं चोरी किये गये सामान को कबाड़ी का धंधा करने वाले इयरिश खान पिता रफीक खान आयु 25 वर्ष निवासी आदर्श नगर कवर्धा के पास विक्रय करना बताया जिन्हे अभिरक्षा में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर चोरी किए गये सामान को खरीदने की बात स्वीकार करने पर प्रकरण में धारा 411,34 भादवि जोड़ी गई है। प्रकरण में आरोपी इदरिश खान पिता रफीक खान आयु 25 वर्ष निवासी आदर्श नगर कवर्धा एवं अपचारी बालक के विरूद्ध विधिवत कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। भविष्य में पूरे जिले में किसी भी प्रकार की चोरी या अन्य वारदात में शामिल होने पर कवर्धा पुलिस द्वारा गंभीरता से जांच कर आरोपियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

### बी-लिबः 51 विद्यार्थी उत्तीर्ण, 30 फेल

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विवि ने मार्च-अप्रैल में हुई बी-लिब वार्षिक परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए हैं। विवि से मिली जानकारी अनुसार इस परीक्षा में कुल 81 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इसमें 51 उत्तीर्ण व 30 अनुत्तीर्ण हुए हैं। ओवरऑल परीक्षा परिणाम 62.96 प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम विवि की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। संबंधित विद्यार्थी वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

### कबीरधाम जिले में 73.95 प्रतिशत हुआ मतदान, पंडरिया में 71.97 प्रतिशत व कवर्धा में 75.83 प्रतिशत मतदान

# पिछली लोकसभा निर्वाचन की तुलना में इस वर्ष 52 हजार 959 मतदाताओं ने किया अधिक मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के कबीरधाम जिले के दोनों विधानसभा पंडरिया और कवर्धा में पिछली लोकसभा निर्वाचन की तुलना में इस वर्ष 52 हजार 959 मतदाताओं ने अधिक मतदान किया। कबीरधाम जिले के दोनो विधानसभा पंडरिया और कवर्धा में 4 लाख 83 हजार 204 मतदाताओं ने मतदान दिया। इस वर्ष मतदान का 73.95 प्रतिशत रहा। पिछले लोकसभा निर्वाचन 2019 में 4 लाख 30 हजार 245 मतदाताओं ने मतदान किया था और मतदान का प्रतिशत 73.63 रहा था। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 52 हजार 959 मतदाताओं ने अधिक मतदान किया। इस वर्ष 0.32 प्रतिशत मतदान में बढोत्तरी हुई है। भारत निर्वाचन आयोग के अनुपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले में सूदुर वनांचल सहित शहरी, मैदानी इलाकों में स्वीप अंतर्गत अनेक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाएं गए।

जिसके परिणाम पिछले वर्ष की लोकसभा निर्वाचन-2019 की तुलना में इस वर्ष अधिक मतदाताओं ने वोट डाले है। राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र अंतर्गत कबीरधाम जिले के विधानसभा पंडरिया और कवर्धा का लोकसभा निर्वाचन 26 अप्रैल को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में जिले का मतदान 73.95 प्रतिशत रहा। जिसमें 75.93 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं ने एवं 71.98 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने बताया कि जिले के पंडरिया विधानसभा में 71.97 प्रतिशत और कवर्धा विधानसभा में 75.83 प्रतिशत मतदान हुआ है। पंडरिया विधानसभा में 74.38 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं ने एवं 69.57 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने और कवर्धा विधानसभा में 77.42 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं ने तथा 74.26 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। इसके साथ ही थर्ड जेंडर मतदाताओं की प्रतिशत 100 रहा।



#### लोकसभा निर्वाचन 2019 का मतदान प्रतिशत 73.63 था

लोकसभा निर्वाचन 2019 के मतदान में कबीरधाम जिले में कुल 73.63 प्रतिशत मतदान हुआ था। जिसमें 76 प्रतिशत पुरूष और 71.23 प्रतिशत महिला मतदाता थे। 2019 के मतदान में जिले के पंडरिया विधानसभा में 70.89 और कवर्धा विधानसभा में 76.24 प्रतिशत मतदान हुआ था। पंडरिया विधानसभा में 73.53 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं ने एवं 68.19 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने और कवर्धा विधानसभा में 78.32 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं ने तथा 74.10 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। इसके साथ ही थर्ड जेंडर मतदाताओं की प्रतिशत 100 था।

#### पिछले लोकसभा निर्वाचन की तुलना में इस वर्ष अधिक मतदान

लोकसभा निर्वाचन 2024 में कबीरधाम जिले के दोनो विधानसभा पंडरिया और कवर्धा में 4 लाख 83 हजार 204 मतदाताओं ने मतदान दिया। इसमें 2 लाख 47 हजार 48 पुरूष मतदाताओं ने एवं 2 लाख 36 हजार 154 महिला, 02 थर्ड जेंडर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पिछले लोकसभा निर्वाचन 2019 में 4 लाख 30 हजार 245 मतदाताओं ने मतदान किया था। जिसमें 2 लाख 22 हजार 962 पुरूष मतदाताओं ने एवं 2 लाख 7 हजार 282 महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था।

# आठ मीटर में प्रधानमंत्री सड़क कार्य अधूरा, हो रही दुर्घटनाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत प्रधानमंत्री सड़क खरवार कला मोड़ से लेकर भगतपुर, पीपरमाटी, मोहतरा, कंझेटा, कुआंमालगी, सोमनापुर, सैहामालगी, कोयलरी प्रधानमंत्री सड़क बनाया गया है, जिसमें विकासखंड पंडरिया के ग्राम कंझेटा के मुख्य मार्ग लगभग आठ मीटर की सड़क अधूरा पड़ा हुआ है, जिसमें कई बार मोटरसाइकिल से राहगीर गिर चुके हैं, कुछ बड़ी घटना तो नहीं हुआ लेकिन यह छोटी सी भूल कहीं बड़ी दुर्घटना की शिकार ना हो जाए। इस तरह मुख्य रोड अधूरा पड़ा हुआ है, जिसमें सभी प्रकार की गाड़ियां चलती है। प्रधानमंत्री सड़क का कार्य किस कारण से अधूरा पड़ा है, आठ मीटर की लगभग सड़क ठेकेदार द्वारा नहीं बनाया गया है, जिससे लोगो को आवागमन में परेशानी हो रही है और दुर्घटना होने की शंका बना रहता है यह प्रधानमंत्री सड़क अधूरा आठ मीटर लगभग पड़ा हुआ है, समय रहते ही इन प्रधानमंत्री सड़क की मरम्मत नहीं किया गया तो मानो कहीं बड़ी दुर्घटना ना हो जाए इसलिए शासन-प्रशासन से मांग करते हैं, जल्द से जल्द प्रधानमंत्री सड़क की अधूरा कार्य को पूरा किया जाए एवं मरम्मत किया जाए ताकि बड़ी दुर्घटना होने से बच सकें। शासन-प्रशासन इस प्रधानमंत्री सड़क को संज्ञान में लिया जाए और अघूरा कार्य को पूर्ण मरम्मत किया जाए ताकि राहगीर व आने-जाने वालों को परेशानियो को सामना करना ना पडे।

# प्रेमचंद, सुशीला, नीरज व बलदाऊ को लायंस डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट में किया मनोनीत

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



लायंस क्लब के वरिष्ठ पदाधिकारी एमजेएफ प्रेमचंद जैन श्रीश्रीमाल सुशीला, श्रीश्रीमाल नीरज मंजीत छाबड़ा एवं बलदाऊ प्रसाद गुप्ता को डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट में मनोनीत किया गया है। लायंस इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 सीके डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुधीर जैन ने नीरज मनजीत को माइक्रो कैबिनेट में इमेज बिल्डिंग का महती दायित्व सौंपा है। पिछले सत्र में भी नीरज को छवि निर्माण का जिम्मा सौंपा गया था।

और उन्होंने इस जिम्मेदारी का समुचित निर्वहन करते हुए डिस्ट्रिक्ट के 125 क्लब्स के पदाधिकारियों को मीडिया के जरिए छवि निर्माण की एक विस्तृत गाइडलाइन जारी की थी। लायन प्रेमचंद को माइक्रो कैबिनेट में ग्रामोत्थान की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है, जिसके तहत डिस्ट्रिक्ट के क्लब्स को गांवों में सेवाकार्यों के लिए प्रेरित किया जाएगा। ज्ञात हो कि प्रेमचंद को इस सत्र का अध्यक्ष भी चुना गया है और वे पूर्व में आनरेरी गवर्नर सहित अनेक महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। पूर्व अध्यक्ष सुशीला श्रीश्रीमाल को जोन चेयरपर्सन मनोनीत किया गया है, जिसके तहत उन्हें चार क्लब्स की जिम्मेदारी दी गई है। लायन बीपी गुप्ता को डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन मनोनीत किया गया है। बीपी गुप्ता पिछले दो सत्रों से क्लब अध्यक्ष रहे हैं, और उनके कार्यकाल में बहुत ही सक्रियता से अच्छे सेवाकार्य किए गए हैं।

डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुधीर जैन ने इस आशय की जानकारी देते हुए इन सभी वरिष्ठ लायंस को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। इन मनोनयन पर लायन महेन्दर कौर छाबड़ा, सुनीता गुप्ता, संगीता चौहान, हरीश गांधी, रामेश्वर गुप्ता, आनंद दानी, धनसुख पटेल, अजय टाटिया, गुरदीप सिंह अरोरार, रवि सोनी, नवीन जैन ने बधाई दी ।

### हत्या के दोषी मां-बेटे को आजीवन कारावास, बहू को मिली चार साल की साजा

**हरिभूमि कवर्धा।** दो वर्ष पूर्व कुकदुर थाना अंतर्गत एक ही परिवार के तीन सदस्यों ने मिलकर घर के मुखिया की बेरहमी से हत्या कर दी थी। मामले में न्यायालय सत्र न्यायाधीश ने दो दोषी को आजीवन कारावास और एक दोषी को चार साल की सजा सुनाई। प्रकरण कुकदुर थाना अंतर्गत ग्राम मझोली नवापारा की है। 6 दिसबर 2022 की सुबह 7 बजे गांव के सरपंच में कुकदुर पुलिस को सूचना दी कि गांव के सड़क पर एक शव पड़ा है। पुलिस टीम तुरंत वहां पहुंची। शव की पहचान गांव के ही बुद्धराम करचाम (44) के रूप में हुई। शव का निरीक्षण किया जिसमें पता चला सिर पर वार हुआ है और गले भी पर कुछ निशान दिखाई दिए। पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर पुलिस टीम जांच में जुट गई। पुलिस के साथ डॉग स्वायड भी पहुंचा। कुत्ते को शव के पास छोड़े जाने के बाद कुत्ता सीधे मृतक के घर जा पहुंचा। इसके बाद पूछताछ मृतक के परिजनों से पूछताछ शुरू हुई। शाम तक पुलिस ने मामले में हत्यारों को भी पकड़ लिया। हत्या मृतक की पत्नी ने अपने पुत्र और बहू के साथ मिलकर की थी। बताया गया कि मृतक बुद्धराम रोजाना ही शराब पीकर घर में हंगामा करता था। रोजाना ही विवाद होता था। 5 दिसंबर की रात में भी विवाद किया। इससे तंग आकर ताव में आकर बुद्धराम के सिर पर डंडे से वार किया, जिससे वह जमीन पर गिर गया। वहीं गमछे से गला दबा दिया। मौत होने के बाद शव को सड़क पर फेंक दिया। घर में खून के छींटे बिखरे थे जिसे लिपाई पुताई कर छीपाने का प्रयास किया था। पुलिस ने तीनों आरोपियों मृतक की पत्नी मथुरा बाई (41), पुत्र विजय कुमार (23) और पुत्रवधु जोनिहा बाई (20) को गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश किया। इसके बाद न्यायालय में प्रकरण पर सुनवाई चलती रही।

# पंडरिया पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाला आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी के कब्जे से मारुति वैन, दो बाइक, एक ज्यूपिटर बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया




पंडरिया शहर में वाहनों की चोरी से परेशान लोगों को राहत मिली है पंडरिया पुलिस ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक मारुति वैन, दो बाइक, एक जुपिटर और एक लैपटॉप को बरामद किया है। दरअसल पंडरिया में लगातार बाइक चोरी की घटना घट रही थी इसकी शिकायत पुलिस को मिली थी पंडरिया पुलिस ने टीम गठन कर बाइक चोर के खिलाफ जाल बिछाया और आरोपी तक पहुंची आरोपी को गिरफ्त में लेकर सख्ती से पूछताछ करने पर चोर ने चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी धानीराम मारको के खिलाफ पंडरिया थाना में मामला दर्ज कर जेल भेजा दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शातिर चोर मुंगेली जिले के लोरमी थाना में बाइक चोरी के आरोप में भी जेल जा चुका है।

वही आरोपी के विरूद्ध अन्य जिलो के थानो में भी है अपराध दर्ज प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि पुलिस अधीक्षक कवर्धा डां अभिषेक पल्लव भापुसे के द्वारा समस्त थाना-चौकी प्रभारियो को क्षेत्र में हो रही चोरी की वारदातो पर प्रभावी रूप से कार्यवाही करने एवं अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसपर थाना पंडरिया द्वारा क्षेत्र में लगातार गस्त बढाकर रात्रि पेट्रोलिंग की जा रही थी। इसी तारतम्य में थाना पंडरिया पुलिस को 27 से 28 अप्रैल के दरम्यानी रात्रि में पण्डरिया में कई जगहो पर चोरी होने की सूचना मिली। कि प्रार्थी रामस्वरूप देवांगन पिता केजहा देवांगन आयु 52 वर्ष निवासी वार्ड नं.13 बाजाररोड बैरागपारा पंडरिया थाना पंडरिया जिला कबीरधाम के घर के सामने से रात्रि में टीव्हीएस जुपिटर स्कूटी क्रमांक CG09JL-8692 को रात्रि में कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है, जिस पर थाना पंडरिया में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप0क्र0 166/2024 धारा-379 भादवि. अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। रोहित जायसवाल पिता खोरबाहरा जायसवाल आयु 45 वर्ष निवासी देव प्रार्पटी के सामने कवर्धा रोड पंडरिया थाना पंडरिया जिला कबीरधाम के घर सामने से रात्रि में एचएफ डिलक्स क्रमांक CG28B-1317 को रात्रि में कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है, जिस पर थाना पंडरिया में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप0क्र0 167/2024 धारा 379 भादवि अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। राहूल यादव पिता कृष्णा यादव आयु 23 वर्ष निवासी कुशालबंदपारा वार्ड नं. 01 पंडरिया थाना पंडरिया जिला कबीरधाम के डीजे पेंथर आडियो दुकान में रात्रि के समय दुकान के शटर को खोल कर डेल कंपनी का लेपटाप माडल नं.- DELL 5500 I5 8th 8GB/ 256 M.2/ Adapter काला रंग को रात्रि में कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है जिस पर थाना पंडरिया में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप0क्र0 168/2024 धारा 457,380 भादवि अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विनोद कुमार गुप्ता पिता स्व. गणेश प्रसाद गुप्ता आयु 41 वर्ष साकिन वार्ड नबंर 10 बैरागपारा पंडरिया थाना पंडरिया जिला कबीरधाम के घर के सामने से रात्रि में ओएमएनआई वैन CG09JE8599 सफेद रंग को रात्रि में कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है, जिस पर थाना पंडरिया में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप0क्र0 169/2024 धारा 379 भादवि अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### हाई स्कूल भगतपुर में कक्षा नवमीं का परीक्षा परिणाम घोषित



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल भगतपुर में 29 अप्रैल सोमवार को शासकीय हाई स्कूल भगतपुर का कक्षा नवमीं स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें विद्यालय कुल दर्ज संख्या 74 है, जिसमें 68 विद्यार्थियों ने परीक्षा में शामिल हुए, औश्र प्रथम श्रेणी में 21 विद्यार्थिया व द्वितीय श्रेणी में 12 और तृतीय श्रेणी में 02 कृपोत्तीर्ण 15 पूरक 07 अनुत्तीर्ण 11 अनुपस्थित 06 विद्यार्थी थे। इस प्रकार विद्यालय का परीक्षा परिणाम 73.52 प्रतिशत रहा,अनामिका वर्मा पिता सनत वर्मा 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, भावना चंद्रवंशी पिता नारद चंद्रवंशी 90 प्रतिशत द्वितीय स्थान, तथा विकास यादव पिता रामाधार 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रामकुमार कौशिक, श्रीमती शकुन चंद्रवंशी व्याख्याता, जोधन प्रसाद चंद्रवंशी व्याख्याता एवं पालक व सदस्य में से तुलसी कामले, मीठे लाल मोहले, शिव कुमार बंजारे, नरेश गेन्ड्रे सहित अन्य पालक गण उपस्थित थें।

ज्योतिषी
Mo. 9300415345

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

### विद्यार्थियों ने स्वयं पालन करने के साथ ही जागरुक करने ली शपथ

## बाल विवाह व दहेज प्रथा रोकथाम के लिए जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



जिले के शासकीय हाई स्कूल छिरहा में बाल विवाह व दहेज प्रथा रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने विद्यार्थियों को बाल विवाह व दहेज प्रथा के दुष्परिणामों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान किया, बाल विवाह व दहेज प्रथा के रोकथाम के लिए सबसे कारगर उपाय लड़के व लड़कियों को शिक्षित करते हुए कैरियर के लिए प्रोत्सहित करना है, इसके साथ ही लड़कियों के साथ बगैर किसी भेदभाव के समानता का व्यवहार आवश्यक है, विद्यालय के विद्यार्थियों ने शपथ लिया कि लड़कों का उम्र 21 साल तथा लड़कियों का उम्र 18 वर्ष पूर्ण होने के बाद ही विवाह करेंगे। विवाह में हम न तो दहेज लेंगे और न ही देंगे, इसके साथ ही आस-पास के लोगों को भी इस संबंध में जागरूक करेंगे, इस दौरान संस्था के प्राचार्य डॉ रमेश चन्द्रवंशी, कल्पना मरावी, राजाराम साहू, रंजीता माहेश्वरी, वीणाक्षी नामदेव सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक| इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टॉंसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर Online परामर्श उपलब्ध |दवाइयां कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### बघमरा स्कूल में वार्षिक के परीक्षा परिणाम घोषित

**बालोद।** शासकीय प्राथमिक शाला बघमरा में वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। यह पहला अवसर है जिसमें नवाचार करते हुए प्रत्येक कक्षा में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए टिफ़िन डिब्बा प्रदान करने के साथ ही उन्हें मिठाई खिलाई गई। इस अवसर पर शाला समिति के अध्यक्ष सरोज सिंह, उपाध्यक्ष आरती देवांगन, शिक्षविद जयराम साहू एवं प्रतिष्ठित नागरिक ओम प्रकाश साहू, धर्मेंद्र पटेल, मिथिला देवांगन, प्रवीण निषाद उपस्थित थे। विद्यालय के प्रधान पाठक तिजऊ राम सोनकर, संकुल समन्वयक लोमश साहू, सहायक शिक्षक शीतल योगी, प्रीति राजपूत एवं यामिनी यादव उपस्थित थे।

### पीएम के विकसित भारत संकल्प का किया समर्थन

**भिलाई।** सर्व समाज समन्वय महासभा छग के भिलाई कार्यकर्ता द्वारा सामाजिक लोकतांत्रिक बैठक संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य प्रांतवाद, भाषावाद, क्षेत्रवाद एवं जातिवाव से हटकर एकता, सद्भाव एवं समानता के माध्यम से राष्ट्रवाद का समर्थन करते हुए पीएम के विकसित भारत के संकल्प का समर्थन करना था। बैठक में उपस्थित भिलाई में निवासरत केरल, तमिलनाडु, मध्यप्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश आदि छत्तीसगढ़ के कुर्मी, साहू, सतनामी, देवांगन, गढ़ा, अघरिया, सोनी, सिंधी, ब्राह्मण, कलार, मरार, आदिवासी, पवार, यादव, कोलता के अध्यक्ष ने सहमति दी। भाजपा के प्रांतीय संगठन के रूपनारायण सिन्हा प्रांत संगठन संयोजक, गोपाल ताओरी, पूर्व संयोजक आर्थिक मोर्चा, रघुनाथ मिश्रा, संगठन प्रमुख, योगेन्द्र सिंह जिला संगठन संयोजक दुर्ग, संत श्री देवकर साहेब सोनपैरी आश्रम, डॉ किशोर सिन्हा प्रदेश कार्य समिति सदस्य उपस्थित थे।

### शो रुम में लगी आग

**भिलाई।** इलेक्ट्रिक वाहनों की सर्विसिंग करने वाली गैरेज में अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई। हादसे में कई वाहन जलकर खाक हो गए। जिस दुकान में आग लगी उस दुकान से इलेक्ट्रिक वाहनों को बेचा जाता है। दुकान में वाहनों गाड़ियों की सर्विसिंग भी की जाती है। मिली जानकारी के मुताबिक छावनी थाना क्षेत्र में स्थित स्कूटी के एक शो रुम में आग लग जाने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। दुकान से धुंआ उठता देख लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकल मौके पर पहुचती तब तक कई वाहन आग के हवाले हो चुके थे। देर रात दुकान को बंद कर दुकान मालिक चंदन गुप्ता अपने घर चला गया। दुकान में आग लगने की खबर फोन से मिली। रविवार को दुकान बंद रहता है लिहाजा सभी घर पर ही थे। तुरंत दुकान पहुचा तब तक फायर ब्रिगेड की वाहन मौके पर पहुची थी। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। दुकान में रखी 8 नई स्कूटियां जलकर खाक हो गई। आगजनी की घटना में करीब 20 लाख रुपए का नुकसान होना बताया जा रहा है। पीड़ित के मुताबिक दुकान के सारे बिजली स्वीच बंद कर घर गया था। लेकिन आग लगने का कारण अज्ञात है।

## निधन

### वीरेंद्र चौधरी

**दल्लीराजहरा।** बीएसपी राजहरा माइंस से सेवानिवृत्त व स्थानीय ब्राह्मण समाज के संस्थापक



सदस्य स्व. पं.सीताराम चौधरी के पुत्र वीरेंद्र चौधरी (54 वर्ष) का 28 अप्रैल को निधन हो गया। वे अरविंद चौधरी (चुन्नी) व सुरेन्द्र चौधरी (नंदू) के भाई, रंजना चौधरी के पति व आयुष एवं शैल चौधरी के पिता तथा आदित्य चौधरी के चाचा थे। उनका अंतिम संस्कार चिखलाकसा स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

# घर-घर कचरा संग्रहण कर नगर व गांव का मान बढ़ा रहीं स्वच्छाग्रही समूह की दीदियां

## लोगों को स्वच्छता अपनाने कर रहीं प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

इन दिनों वैवाहिक कार्यक्रमों का दौर चल रहा है। बराती-घराती व अन्य मेहमान गांव में पहुँचते हैं तो गांव की स्वच्छाग्रही समूह घर-घर में बने शौचालय व सामुदायिक शौचालय का उपयोग करने के लिए उन्हें प्रेरित करती है। जब से स्वच्छ भारत मिशन से जुड़कर महिला समूह स्वच्छाग्रही के रूप में कार्य कर रही हैं, तब से गांव की सूरत बदल गई है। पहले गांव की गलियों में कूड़ा करकट का अंबार लगा रहता था। बरसात के दिनों में लोग रोड किनारे ही शौच कर देते थे, जिसके कारण उस रोड से गुजरना मुश्किल हो जाता था, लेकिन, अब गांव-गांव स्वच्छ भारत मिशन का व्यापक प्रचार-प्रसार के कारण व स्वच्छाग्रहियों द्वारा कचरा संग्रहण का कार्य पूरे लगन के साथ करने से तथा ग्रामीणों की जागरूकता से गांव का कोना-कोना साफ सुथरा दिखने लगा है। डौंडीलोहारा



### खुले में शौच जाने से मिली मुक्ति

अब घर-घर शौचालय का निर्माण हो जाने व गांव-गांव में



सार्वजनिक शौचालय का निर्माण हो जाने से लोगों को खुले में शौच जाने से मुक्ति मिल गई है। व्यवहार परिवर्तन की दिशा में कार्य करना कितना मुश्किल भरा होता है? आप सभी जानते हैं। इस चुनौती को स्वीकार कर स्वच्छा ग्रहियों ने हाथ में रजिस्टर व टॉर्च लेकर , सिर में टोपी पहनकर सिटी बजाते हुए गांव के गलियों में पहरा देते हुए खुले में शौच जाने वाले स्थानों में चहलकदमी करते हुए पहुंच जाते थे। रोज रोज की झंझट से मुक्ति पाने घर में बने शौचालय का शत-प्रतिशत उपयोग होना शुरू हो गया।

विकासखण्ड में स्वच्छता की अलख जगाने वाले स्वच्छ भारत मिशन के संकुल समन्वयक गौतम सिन्हा ने स्वच्छा ग्रहियों को एक परिवार की तरह एकता के सूत्र में बांध कर रखा है जिससे स्वच्छ भारत मिशन का यह अभियान सफलता के पायदान पर है।

**ट्रायसिकल से डोर टू डोर कचरा संग्रहण-** यह अभियान यहीं नहीं रुका, बल्कि एक कदम और आगे बढ़कर कचरा संग्रहण की शुरुआत हुई। महिला समूह ने ट्रायसिकल से डोर टू डोर कचरा संग्रहण का कार्य करना शुरू किया। यहां भी चुनौती भरा सफर रहा। लोगों में तरह तरह की चर्चा होना शुरू हो गया। अब कचरा संग्रहण का राशि देना पड़ेगा तो कुछ लोग अपने घरों से कचरा देने में आनाकानी करने लगे। परंतु महिला समूह ने हार नहीं मानी और अपने अभियान को जारी रखा। ग्राम पंचायत ने प्रस्ताव पारित किया जिसे ग्राम सभा ने अनुमोदित कर स्वच्छाग्रही महिला समूहों का मनोबल बढ़ाया।

## समस्या : बढ़ी कीमतों ने बढ़ाई गृहिणियों की समस्या, बिगड़ रहा बजट

# सब्जी फसलों को झुलसाने लगी बढ़ती गर्मी, आवक कम होने से कीमतें बढ़ीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नगर के सब्जी बाजार में हरी सब्जियों के दर काफी बढ़ गए हैं। भीषण गर्मी, तेज तापमान की वजह से हरी सब्जियों की आवक कम हो गई है और दर बढ़ गए हैं। बढ़ते तापमान से सब्जी की उपज पर असर पड़ता दिख रहा है। इस वजह से हरी सब्जियां महंगी हो गई हैं। तेज धूप में सब्जी की फसलें झुलसकर बर्बाद हो रही हैं। किसान इसे बचाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन बात नहीं बन रही है। ऐसे में कीमत बढ़ाने के अलावा उनके पास और कोई चारा भी नहीं है

- उपज कम होने के कारण बाजार में हरी सब्जी हुई महंगी

दल्लीराजहरा सहित क्षेत्र में अप्रैल में जून जैसी गर्मी पड़ने से किसानों के खेतों में लगी सब्जी पर विपरीत असर पड़ रहा है। सब्जी के पौधे गर्मी के कारण मुरझाना शुरू कर दिए हैं। किसान सब्जी के पौधों के सूखने से बचाने के लिए लगातार सिंचाई कर रहे हैं। हरी सब्जियों पर धूप का गहरा असर पड़ रहा है। सब्जी की फसलें झुलसकर बर्बाद हो रही हैं। गर्मी के प्रकोप से परवल, लौकी, नेनुआ, भिंडी, करैला, हरा मिर्च, खीरा, भिंडी, पालक पर विपरीत असर पड़ता दिख रहा है। हरी सब्जी की उपज कम होने के कारण बाजार में हरी सब्जी का दर मंहगा हो गया है।



**दल्लीराजहरा सब्जी बाजार में यह है सब्जियों की कीमत**

नगर के सब्जी बाजार में परवल 70 रुपये प्रति किलोग्राम, शिमला मिर्च 25 रुपये, भिंडी 40 रुपये, गाजर 40 रुपये, पत्ता गोभी 40 रुपये, धनिया पत्ती 100 रुपये, टमाटर 40 रुपये, पालक 40 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बिकने लगा है।

# आत्मानंद स्कूल के व्यावसायिक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों ने कार्यों का लिया प्रत्यक्ष प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय जामगांव आर में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रम ट्रेड हेल्थ केयर एवं ट्रेड – मीडिया एंड एंटरटेनमेंट के विद्यार्थियों का इंटर्नशिप कार्यक्रम आयुष्मान हॉस्पिटल जामगांव आर एवं द्रोणी कंप्यूटर सेंटर जामगांव आर में हुआ। प्रत्येक विद्यार्थियों को इंटर्नशिप प्रोत्साहन राशि 1300 रुपए उनके बैंक खातों में जमा किया गया। यह राशि राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ द्वारा दी गई। कक्षा 11वी एवं 12वी के कुल 118 विद्यार्थी शामिल हुए, इंटर्नशिप प्रमाण पत्र प्राचार्य राजेश पिल्लई की उपस्थिति में वितरण किया गया।

- जामगांव में संचालित निजी अस्पताल व कंप्यूटर सेंटर में की इंटर्नशिप

इस अवसर पर विद्यालय के व्यावसायिक शिक्षा के प्रभारी डीके. साहू, व्यावसायिक प्रशिक्षक नीलकंठ धीवर एवं गौरव कुमार मिथिलेश तथा वसीम खान, अन्य शिक्षक उपस्थित थे। विद्यार्थियों ने ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, तापमान चेक करना, बेड मेकिंग, ड्रेसिंग, इंजेक्शन लोड करना, दवा के डोज, दवा देने के मार्ग के बारे एवं मीडिया के विद्यार्थी इंटर्नशिप में छात्रों ने फोटोग्राफी, विडियो एडिटिंग, विडियो मेकिंग फोटो प्रिंटिंग, शादी कार्ड, फोटोशाप साफ्टवेयर यूज कर फोटो एडिटिंग करना पासपोर्ट साईज फोटो बनाना पीसीआईएम में सेट करना एसडी कार्ड विडियो शूटिंग आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की।

# कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में माहौल बनाने में जुटीं विधायक संगीता

## पाटन विधानसभा के बेल्हारी क्षेत्र के ग्रामीणों से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

कांकेर लोकसभा क्षेत्र में मतदान होने के बाद संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में प्रचार में जुटी हुई हैं। संगीता सिन्हा दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक राजेन्द्र साहू के पक्ष में माहौल बनाने का कार्य कर रही हैं। वर्तमान में वे पाटन विधानसभा क्षेत्र के बेल्हारी क्षेत्र में लगातार जन संपर्क के साथ जनसभाएं ले रही हैं। इस दौरान वे आम मतदाताओं को कांग्रेस की रीति नीति के साथ कांग्रेस द्वारा दी जा रही 5 न्याय की जानकारी दे रही हैं। संगीता सिन्हा अपने जन संपर्क के दौरान कांग्रेस पार्टी द्वारा देशहित में किए गए कार्यों को लोगों बता रही हैं। इस दौरान वे प्रदेश में बीते 5 साल के दौरान कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार द्वारा किए गए कार्यों को बताकर कांग्रेस के पक्ष में वोट देने की अपील कर रही हैं। उनके साथ ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर अध्यक्ष तामेश्वर साहू के साथ पाटन क्षेत्र के कांग्रेस नेता व पदाधिकारी भी जनसपर्क कर रहे हैं।

# एकजुट रहने से समाज होगा मजबूत : ताम्रध्वज





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

समाज के बारे में चिंतन जरूरी है, अपने कार्यों का अवलोकन करें कि हमारे समाज पिछले साल कहां था और अब कहां है? हमने पिछले साल कितने गरीबों का इलाज कराया कितने गरीब बच्चों को शिक्षा दी? उसके संबंध में विचार करें और वाले दिनों में नया लक्ष्य बनाकर कार्य करें।

उक्त बातें प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने ग्राम खम्हरिया में आयोजित मां कर्मा जयंती महोत्सव में कही। यहां भक्त माता कर्मा की 1008वीं जयंती बड़े धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि समाज का उद्देश्य, समाजिक संगठन को मजबूत करना है। इसके साथ ही सामाजिक बुराई को अधिक से अधिक करके हटाना है। इससे समाज में एकजुटता होगी और जब समाज एकजुट रहेगा तब समाज अधिक मजबूत होगा।

- खम्हरिया में धूमधाम से मनाई गई मां कर्मा जयंती

**शिक्षित होना जरुरी : रमशीला-** पूर्व मंत्री रमशीला साहू ने कहा कि जिस श्रद्धाभाव से समाज जयंती को परंपरागत रुप से मनाते आ रही है इसे और दृढ़ करने की आवश्यकता है। इसके लिए सभी लोगों को शिक्षित होना आवश्यक है, क्योंकि इससे हमें अच्छे-बुरे, धर्म-अधर्म और निर्णय लेने की क्षमता में विकास होता है। दीपक ताराचंद साहू ने आयोजन के लिए ग्रामवासियों को बधाई देते हुये कहा कि जिस प्रकार माता कर्मा ने साहू समाज को एकता, त्याग, तपस्या और समरस्ता का मार्ग दिखाया है, उन्हें आदर्श मानकर हमें उनके दिखाये मार्ग पर चलना चाहिए। इस दौरान समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक महिला और पुरुषों का सम्मान किया गया।

**कार्यक्रम में ये रहे मौजूद-** इस कार्यक्रम में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, अध्यक्षता अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग नंदलाल साहू, अति विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री रमशीला साहू, जागेश्वर साहू, दीपक ताराचंद साहू, राजेंद्र साहू, लक्ष्मी यशवंत साहू, खिलावन सिंह साहू, राजेश साहू, कृष्णा प्रसाद साहू, दिव्या कलिहारी, यतीश साहू, सुनील साहूकार, दिनेश साहू, पोषण साहू, श्यामलाल साहू, देवश्री साहू, मुकेश साहू, सुखीराम यादव, सरपंच ग्राम पंचायत खम्हरिया सहित तहसील साहू संघ के समस्त पदाधिकारीगण आदि मौजूद थे।

## ग्राम बोरई में श्रीमद् भागवत कथा जारी

# चुनौतियों का सामना करने में आंतरिक शक्ति है सबसे बड़ी पूंजी : पं. निरंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम बोरई में जारी श्रीमद्भागवत कथा में प्रवचनकर्ता पंडित निरंजन महाराज ने कहा कि जब तक जीवन से हमें मिली सौगातों के प्रति धन्यवाद का भाव नही आयेगा, हम कभी खुश नही हो सकते। परिस्थितियों को जिस दृष्टिकोण से देखेंगे हम वही महसूस करने लगते हैं। संसार की रचना में समता का भाव है, हमारा विचार है जो भेद कर लेता है। सबके लिए चुनौतियां भी है और अवसर भी। कोई धन से सुखी तो तन से दुखी है। हर पल चुनौतियों से भरा है जिसके लिए आंतरिक शक्ति की जरूरत होती है। जीवन में शुभ संकल्प हो, कल्याण की भावना हो तो सागर का भी मंथन कर अमृत प्राप्त किया जा सकता है। भागवत कथा सप्ताह के अंतर्गत सोमवार को गजेंद्र मोक्ष, सागर मंथन कथा हुई। गजेंद्र जो अपने आप को महाबली होने का दंभ था परिवार का बल का अभिमान था। विपरीत परिस्थि में असहाय हो जाता है और समर्पित भाव से जब नारायण को याद करता है, प्रभु तत्काल उनकी सहायता करने पहुंच जाते हैं। मैं, मेरा से भरे हृदय में नारायण का निवास नही हो सकता। काम, क्रोध, मोह, मत्सर से मुक्त होकर भगवत शरण हो जाना ही मोक्ष है। हमारा आपका जीवन भी सागर है, जहां अमृत भी है, रत्न भी है, सुर, सुरा और जहर भी है। अपने-अपने कर्मों से मंथन भी करते रहते हैं और कर्म अनुकूल मिलने वाली फल का व्यवहार गत ग्रहण करते रहते हैं। जिसके आचरण में दया, करुणा, शील, क्षमा, परोपकार की भावना होता है, वह अमृत का भागी हो जाता है।





# बाल विवाह रोकने प्रशासन ने दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल द्वारा बाल विवाह की रोकथाम के लिए विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं। चन्द्रवाल ने जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश जारी कर कहा है कि समाज में व्याप्त इस बुराई के पूर्णतः उन्मूलन के लिए जनप्रतिनिधियों, नगरीय निकाय, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, स्वयं सेवी संगठनों एवं आमजनों से सहयोग प्राप्त कर कड़ी कार्रवाई करें। बाल विवाह केवल एक सामाजिक बुराई ही नहीं बल्कि कानूनी अपराध भी है। उल्लेखनीय है कि 10 मई शुक्रवार को अक्षय तृतीया का पर्व है। चन्द्रवाल ने इस अवधि में बाल विवाह न हो, इसका विशेष ध्यान रखते हुए समुचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिले में बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच, ग्राम सचिव, वार्ड पार्षद, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्थानीय थाना प्रभारी एवं जिला स्तर पर जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग को दूरभाष क्रमांक 07749–223941 तथा चाईल्ड हेल्प लाईन टोल फ्री नम्बर 1098 में भी सूचित किया जा सकता है।

- कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# अक्षय तृतीया के बाद पहले सोमवार को रहस्यमयी मंडीप खोल गुफा खुलेगी


दामोदर वैष्णव ⏭ सड़क अतरिया

जिला केसीजी अंतर्गत एक ऐसी गुफा है जिसके खुलने का लोगों को बेसब्री से इंतजार रहता है। यह गुफा साल में केवल एक बार क्षय तृतीया के बाद आने वाले प्रथम सोमवार को आम जनों के लिए खुलती है। यहां गुफा देश की सबसे लंबी एवं एशिया में दूसरे नंबर की गुफा है।

इस बार मंड़ीप खोल गुफा आगामी 13 मई को खुलेगी। आगामी 10 मई को अक्षय तृतीया पर्व मनाया जाएगा। दो दिन बाद इस गुफा का द्वार आम लोगों के लिए खुलेगा। इस गुफा के खुलने पर लोगों का सैलाब उमड़ पड़ता है। हर साल राज्य के विभिन्न जिलों के अलावा मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र के लोग गुफा को देखने पहुंचते हैं। जानकारी के अनुसार कुछ साल पहले पुरातत्व विभाग द्वारा इस गुफा का सर्वेक्षण किया गया था जिसमें पाया गया था कि यह गुफा देश की पहली एवं एशिया का दूसरी सबसे लंबी गुफा है। गुफा का इतिहास काफी रहस्य है। भीषण गर्मी में भी गुफा के अंदर शीतलता रहती है। गुफा के अंदर का मार्ग कहीं सकरा, कहीं चढ़ाव तो कहीं पर मैदानी है। गुफा के अंदर काफी अंधेरा रहता है। स्थानीय सेवा समिति द्वारा गुफा के अंदर कुछ दूरी तक रौशनी की व्यवस्था किया जाता है। आगे जाने के लिए लोग वैकल्पिक साधन का उपयोग करते हैं। रौशनी पड़ने पर चट्टान टिमटिमाने लगती है। गुफा के अंदर जगह-जगह देवी-देवता, अप्सरा, जीव-जन्तु की आकृति उकेरा गया है जो गुफा की सुंदरता बढ़ाती है। गुफा के अंदर जाने वालों को शाम होने से पहले बाहर आना पड़ता है।

### मंडीप खोल गुफा तक रोमांचक सफर

लोगों के लिए मंडीप गुफा का सफर काफी रोमांचकारी होता है। गुफा तक पहुंचने के लिए कोई मार्ग नहीं है। पैलीनेटा-ठाकुरटोला के बाद कहीं पगडंडी और ऊबड़-खाबड़ रास्ता है। यहां पहुंचने के लिए एक नदी को अलग-अलग जगहों पर सोलह बार पार करना पड़ता है। जंगल के विभिन्न किस्म के वृक्ष एवं चट्टानी मार्ग से गुजर कर यहां पहुंचा जाता है।



### पूजा-अर्चना कर खोली जाती है गुफा

वनांचल स्थित मंड़ीप खोल गुफा ठाकुरटोला जमीदारी अंतर्गत है। परंपरा अनुसार यहां के राजा या उनके परिवार का सदस्य गुफा का द्वार खोलने से पहले देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना करता है। द्वार की चट्टान हटाने से पहले हवाई फायर किया जाता है, ताकि जंगली जानवर गुफा से निकल जाए। गुफा में सबसे पहला जमीदार परिवार के लोग प्रवेश करते हैं। गुफा में स्थित शिवलिंग सहित अन्य देवी-देवताओं का विधि- विधान से पूजा-अर्चना किया जाता है।

## सार समाचार

### जांजगीर चांपा रवाना हुए कोमल

**सड़क अतरिया।** अगामी 7 मई को होने वाले चुनाव वाले क्षेत्र में प्रचार की जिम्मेदारी स्थानीय नेताओं को सौंपा जा रहा है जिसके तहत उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के साथ पूर्व विधायक कोमल जंघेल को जांजगीर चांपा लोकसभा का प्रभारी बनाया गया है। सोमवार को कोमल जंघेल जांजगीर चापा लोकसभा के चुनावी कार्यक्रम में शामिल होने रवाना हो गए हैं।

### मोहारा सड़क जर्जर



**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत मोहारा से बसंतपुर कसारी मार्ग के जर्जर होने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ी है। पिछले 10 वर्षो में सड़क के डामरीकरण और मरम्मत के नाम से लोक निर्माण विभाग ने लाखों रूपए स्वीकृत किए है। इस सड़क पर ठेकेदार के माध्यम से 2018-19 में लाखों का निर्माण कराया गया था। ठेकेदार ने अधूरा कार्य करने के बाद पूरी राशि का आहरण कर लिया था। अब इस मार्ग पर 100 से अधिक गढडे हो चुके है। मार्ग में आए दिन हादसे होते रहते है। बरसात के दिनों में इस मार्ग पर वाहन चलाना तो दूर पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। इस मार्ग पर धान परिवहन में लगी गाडियों के चलने के कारण हालत बदत्तर हो चुकी है।

### नीरज समर क्लासेस बल्देवबाग स्कूल में प्रारंभ

**राजनांदगांव।** नीरज ग्रुप ऑफ स्कूल द्वारा बड़े पैमाने पर समर क्लासेस में विशेष नई कक्षाओं का संचालन नीरज पैरेंट्स प्राईड स्कूल बल्देवबाग में 1 मई से किया जा रहा है। ये क्लासेस एनबी ग्रुप के साथ शहर के सभी बच्चों के लिए रखी गई है। संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा इस समर क्लास में विशेष रूप से भारतीय संस्कृति को जागृत करने हेतु सनातन धर्म की रीति को बच्चों में उदीयमान करने के लिए संस्कार क्लास प्रारंभ की जा रही है। विशेष संस्कार कक्षा महर्षि महेश योगी के शिष्य आचार्य अनिल तिवारी के मार्गदर्शन में ली जाएगी। सनातन धर्म की रीति, पूजा-पाठ की विधि, अपने नैतिक मूल्यों तथा अपने दिनचर्या में घटित रोजाना के कार्यों को सरल तरीके से बच्चों को इसकी जानकारी दी जाएगी। संस्कार कक्षा के लिए बच्चे भारतीय परिधान में शाला आएंगे। साथ ही बच्चे अपने साथ कुछ पुष्प भी लाएंगे। संस्कार कक्षा के लिए बच्चे कक्षा नर्सरी से चौथी कक्षा तथा कक्षा चौथी से लेकर सभी वर्गों के लिए रखा गई है।

एनबी ग्रुप द्वारा यह छोटी सी कोशिश की जा रही है, ताकि घटते नैतिक मूल्य व संस्कार को हम बच्चों में जीवित कर बच्चे को जिम्मेदार व संस्कारवान बना सके। बच्चों में मानसिक स्वस्थता के साथ शारीरिक स्वस्थता भी आवश्यक है। इसके लिए जिमनास्टिक कक्षाओं को भी आयोजन किया जा रहा है। जिमनास्टिक कक्षा हेतु विशेष रूप से भिलाई से विशेषज्ञों की नियुक्ति की गई है। जिमनास्टिक खेल को मदर आफ स्पोर्ट्स कहा जाता है। जिमनास्टिक कक्षा हेतु निःशुल्क सात दिवसीय डेमो क्लास ली जाएगी। मानसिक तथा शारीरिक स्वस्थता आज की प्रमुख आवश्यकता है, इसलिए एनबी ग्रुप की ओर से समर क्लासेस का संचालन किया जा रहा है। संस्कार कक्षा तथा जिमनास्टिक कक्षा के अलावा कराटे के साथ योगासन कक्षाएं दुर्गेश एवं सुषमा द्वारा ली जाएगी। इंग्लिश व हिन्दी रीडिंग और राइटिंग, स्पोकन ग्रामर की कक्षाएं रश्मि, ज्योति तथा माही द्वारा ली जाएगी। ड्राइंग, डांस, केशियो, गायन (वोकल) तथा तबला की कक्षाएं इंदिरा संगीत विश्वविद्यालय के विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा ली जाएगी। साथ में मैथ्स फंडामेंटल तथा अबेकस की कक्षाएं नेहा तथा रमाकांत द्वारा लिया जाएगा। उपरोक्त कक्षाएं सुबह 7 से 11 बजे तक तथा शाम 4 से 7 बजे तक दो पालियों में ली जाएगी। इन सभी कक्षाओं में बच्चों को विषय अनुरूप बारीकियों का अध्ययन कराया जाएगा। संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा पालकों से विशेष आग्रह है कि इन समर क्लासेस का उचित लाभ अपने बच्चों को जरूर दें। इन कक्षाओं का उद्देश्य बच्चों को संस्कारित करना है। शिक्षा के साथ संस्कार को जीवन में अपनाना ही एनबी ग्रुप का प्रयास है।

### मनाया गया विश्व नृत्य दिवस

**राजनांदगांव।** चक्रधर कल्याण कत्थक केन्द्र में विश्व नृत्य दिवस मनाया गया। संस्था के संस्थापक डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा व तुषार कुमार सिन्हा ने संस्था में अध्ययनरत बच्चों को कत्थक के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नृत्य महज मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह भावनाओं के साथ कला व संस्कृति को दर्शाने और सेहतमंद रहने का एक बेहतरीन जरिया है। उन्होंने बताया कि कथक, भरतनाट्यम, बैले जैसे आदि डांस है, जो दुनियाभर में लोकप्रिय है। उन्होंने बताया कि छतीसगढ़ में विविध अवसरों पर पंथी नृत्य, चंदैनी नृत्य, राउत नाचा, करमा, सुआ नृत्य आदि अनेक नृत्य किए जाते हैं। इस अवसर पर संस्था के बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## निधन

### राजकुमारी नरेड़ी



**डोंगरगढ़।** अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष सिद्धगोपाल नरेडी की पत्नी एवं सोनू आषीष नरेडी की माता राजकुमारीबाई नरेडी का निधन 67 वर्ष की आयु में हो गया। वह पिछले तीन दिनों से यवतमाल अस्पताल में भर्ती थी। ईलाज के दौरान सोमवार को प्रातः 8 बजे उनका निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कल मंगलवार को प्रातः 10 बजे छिरपानी मुक्तिधाम में किया जाएगा। उनके निधन पर अग्रवाल मारवाड़ी समाज ने शोक व्यक्त किया है।

## खतरनाक अपराध की दस्तक से दहशत

# ब्लास्टः साजिश के पीछे कौन?

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

जामसरार के फार्म हॉउस में हुई ब्लास्ट की घटना के बाद कई सवाल उठा खडे हुए हैं। जिस तरीके से घटना को अंजाम देने का प्रयास किया गया है उससे साफ है अज्ञात आरोपियों के निशाने पर कोई और था किन्तु उनकी जद में बेकसूर मजदूर आ गया। वहीं क्षेत्र आम घटनाओं से परे संगीन अपराध की और आगे बढ़ रहा है जिसे लेकर लोगों में चिंता दिखाई दे रही है। कहा कि इस तरह की घटना पर अंकुश लगाने जरूरी कदम नहीं उठाया गया तो आने वाले समय में इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि अनुविभागीय मुख्यालय से मुख्यालय से लगे जामसरार में रविवार की सुबह एक ऐसी घटना हो गई जिसकी कभी किसी ने कल्पना तक नहीं किया था। जिला पंचायत के पूर्व सभापति और कांग्रेस नेता संतोष वैष्णव के कृषि फार्म का श्रमिक नरेश कुमार ओटी रोज की तरह पम्प चालू करने पहुंचा था। पम्प के स्टार्टर की स्विच आन करते ही हुए धमाके में उसके चिथड़े उड़ गए। उसका क्षत विक्षप्त शव घटना स्थल से करीब 20 फुट दूर मिला।



### साजिश का खुलासा जरूरी

किसी घटना को अंजाम देने के लिए विस्फोटक सामग्री के इस्तेमाल का यह पहला मामला है। इस घटना के बाद लोगों में सनसनी फैल गई है। लोग कहने लगे है यह खतरनाक घटना की दस्तक है जिसका खुलासा होना आवश्यक है ताकि भविष्य में होने वाली किसी अन्य घटना को रोका जा सके।

### कौन था निशाने पर

जानकारी के अनुसार इस घटना के पीछे गहरी साजिश नजर रही है जिसने भी बारूद प्लांट किया था उसके निशाने पर कोई और था किन्तु चपेट में एक मजदूर आ गया। जानकारी के अनुसार प्रतिदिन पूर्व जिप सभापति संतोष वैष्णव का भाई सुनील वैष्णव पम्प चालू करने जाता था। घटना के एक दिन पूर्व भी शाम को सुनील पम्प को चालू करने के बाद घर आ गया था। आशंका है कि मौका पाकर रात को आरोपी ने बिजली सप्लाई बंद कर बम के कनेक्शन को जोड़ा होगा और वैसे ही छोड़कर चला गया ताकि पम्प के चालू करते ही ब्लास्ट हो जाए और ऐसा हुआ भी जिसकी चपेट में आने से मजदूर की जान चली गई।

### लंबी प्लानिंग

जानकारी के अनुसार मौके पर ताजा खुदाई के निशान भी नहीं देखा गया है। शंका व्यक्त किया जा रहा है कि लम्बे समय तक रेकी करने के बाद बम को प्लांट कर दिया गया था और फिर शनिवार रविवार की दरम्यानी रात को कनेक्ट कर छोड़ दिया गया ताकि दूसरे दिन पम्प चालू करते ही धमाके के साथ उसका शिकार निशाने पर आ जाए। उल्लेखनीय है कि करीब दो महीने पहले हार्वेस्टर को जलाने का भी प्रयास किया गया था। कहा जा रहा है इस घटना में किसी ऐसे व्यक्ति की संलिप्तता हो सकती है जो बम प्लांट करने से लेकर उसे कनेक्ट करने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी है।

# संचार व्यवस्था से उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

खराब संचार व्यवस्था से उपभोक्ता बीते तीन माह से परेशान है। शिकायत के बाद भी नेटवर्क खराबी को अब तक सुधारा नहीं सका है। नेटवर्क खराबी के चलते मोबाईल उपभोक्ता सहित आनलाईन सेंटर चलाने वालों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं ने बताया की मोबाईल मे महंगा रिचार्ज कराने के बाद इसका उपयोग नहीं कर पा रहे है। बीते दो माह से जियो कंपनी का नेटवर्क काफी खराब होने के कारण लोगों का मोबाईल क्षमता के अनुरुप उपयोग नहीं हो रहा है। उपभोक्ताओं ने बताया कि साल भर पहले जियो कंपनी का नेटवर्क काफी अच्छा था। तब मोबाईल उपभोक्ता अन्य कंपनी के सिम को पोर्ट करा लिया था। ग्रामीण क्षेत्र में करीब 80 फीसदी लोग इसी कंपनी की संचार व्यवस्था का उपयोग कर रहे हैं अब धीरे धीरे जियो कंपनी का नेटवर्क कमजोर होते गया। बीते दो माह में नेटवर्क इतना कमजोर हो गया है कि लोगों को नेट उपयोग करने के लिए घर से बाहर या छत पर जाना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं ने बताया कि नेटवर्क की खराबी 24 घंटा बने रहती है।

### नहीं मिला सेवा का लाभ

क्षेर में जियो कंपनी की संचार सेवा का उपयोग करने वालो की संख्या अधिक है। करीब साल भर पहले जब क्षेत्र में जियो कंपनी की संचार सेवा शुरु किया गया तो रिचार्ज के साथ नेटवर्क व्यवस्था बहुत अच्छा था। तब लगभग मोबाईल धारकों ने अन्य संचार व्यवस्था की सेवा के स्थान पर जियो की संचार व्यवस्था से जुड़ते चले गए। वर्तमान में भी इस कम्पनी की सेवा का उपयोग कर्ता अधिक है। उसके बाद भी नेटवर्क खराबी की जानकारी होने के बाद भी दूर करने का प्रयास नहीं किया जा रहा है।

# जस गीतों के साथ जोत जंवारा का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई राज परिवार की कुलदेवी माता भ्रामरी देवी भरभड़ी जंगल के अंदर भवरदाह में विराजमान है। यहां ज्योत जंवारा की स्थापना गत 21 अप्रैल को किया गया था। स्थापना के बाद लगातार जस गीत और पूजा पाठ का आयोजन 9 दिनों तक भक्तों ने किया। गत 29 अप्रैल को जस गीतों के साथ ज्योत जंवारा का विसर्जन नदी में किया गया। भवरदाह जंगल के अंदर नदी से लगा एक ऐसा स्थान है जहां पर मधुमक्खियों के दर्जनों छाते हैं। कहा जाता है कि इन मधुमक्खियों ने राज परिवार का लड़ाई के दौरान कई बार साथ दिया था। भवरदाह पहाड़ी में भ्रामरी देवी की मूर्ति है जो राज परिवार की कुलदेवी है। हर वर्ष युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुशरो, लाल देवेंद्र शाह खुशरो, राजमाता लक्ष्मीबाई एवं राजा रणधीर सिंह की स्मृति में ज्योति कलश की स्थापना किया जाता है।



# अस्पताल में लगातार बढ़ रहे मौसमी मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

मौसम के उतार चढ़ाव के साथ क्षेत्र में मरीजो की संख्या बढ़ने लगी है जिसे देखते हुए अस्पताल प्रबंधन सतर्कता बरतने लगा है। इन दिनों सर्दी, खांसी और अपचन के मरीज उपचार के लिए ज्यादा अस्पताल पहुंच रहे हैं।

गर्मी लगते ही अस्पताल प्रशासन सतर्कता बरतने लग जाता हैं लेकिन अभी बेमौसम बरसात से मरीजों की संख्या में इजाफा होने के बाद अस्पताल प्रशासन ने मितानिनों के माध्यम ग्रामीण स्तर पर व्यवस्था बनाने में लग गया है। मरीजों की संख्या बढ़ने को लेकर डा. रमेश चंदेल ने बताया कि अभी मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। किसी को सर्दी है तो किसी को हल्का बुखार की शिकायत है। अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों को परहेज करने की सलाह दिया जा रहा है। वहीं अस्पताल प्रशासन ने मितानिनों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा को मजबुत बनाने सक्रियता दिखा रहा है।



### तरल पदार्थ का सेवन करने की सलाह

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के डा.मनीष बघेल ने बताया कि गर्मी के दिनों आमजनों को ज्यादा से ज्यादा तरल पदार्थ का सेवन करना चाहिए। दिनभर ज्यादा से ज्यादा पानी का सेवन करना चाहिए जिससे अपचन जैसी परेशानी नहीं होगी और शरीर स्वास्थ्य रहेगा।

### आ रहे आंख के मरीज

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ नेत्र सहायक डा. विनय रामटेके ने बताया कि गर्मी के कारण आंखो के ड्राई होने के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। यह परेशानी गर्मी के दिनों में देखने मिलती है जिसके कारण आंख में लालिमा के साथ आंख ड्राई हो जाती है। गर्मी के दिनों में दो तीन दफा मरीजों और आमजनों को साफ पानी से चेहरा धोना चाहिए और काले चश्मा का उपयोग करना चाहिए जिससे आंखों में होने वाले परेशानी से बचा जा सके।

## युगांतर में बेकिंग और आईस्क्रीम मेकिंग सेशन आयोजित

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल में डॉयरेक्टर्स फैमिली की महिलाओं के लिए बेकिंग और आईस्क्रीम मेकिंग सेशन का शानदार आयोजन सुबह 10 बजे से हुआ। इस दौरान डॉयरेक्टर्स फैमिली की महिलाओं ने दीप्ति बिंदल पीजीटी कॉमर्स तथा प्रियंका कपूर सामाजिक विज्ञान शिक्षिका के मार्गदर्शन में बेकिंग और आईस्क्रीम मेकिंग सेशन के अंतर्गत स्वादिष्ट नानखटाई, चॉकोचिप्स कुकीज, पौष्टिक साबूत गेहूं के आटे तथा गुड़ का केक, ट्रिपल चॉकलेट नुटेला केक एवं मैंगो, जेलाटो, राजभोग आईस्क्रीम बनाना सीखा। उल्लेखनीय है कि युगांतर हमेशा नवाचार और रचनात्मकता में अग्रणी बना हुआ है। इस प्रगति की यात्रा में डॉयरेक्टर्स फैमिली की महिलाओं ने भी अप्रत्यक्ष रूप से अमूल्य योगदान दिया है। डॉयरेक्टर्स फैमिली की इन्हीं प्रभावकारी व्यक्तित्व की धनी महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त करने एक आनंददायक बेकिंग और आईस्क्रीम बनाने के सत्र का आयोजन किया गया। ज्ञातव्य हो कि यह सभी आईस्क्रीम बिना किसी कैमिकल की मदद से बनाई गई थी। डॉयरेक्टर्स फैमिली की महिलाओं ने दीप्ति बिंदल, प्रियंका कपूर तथा प्रबंधन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते इस आयोजन की प्रशंसा की है। इस आयोजन की सफलता पर प्राचार्य डॉ. मधु पी. चौधरी, चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, पीआरओ, स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह सहित युगांतर परिवार ने हर्ष प्रकट किया है।



# यात्री प्रतीक्षालय जर्जर, प्रसाधन भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत चकनार का नर्मदा चौक हमेशा व्यस्त रहता है। राजनांदगांव, कवर्धा के अलावा साल्हेवारा, बालाघाट, सिवनी ओर जाने वाले यात्री इस चौक से गुजरते है। नर्मदा बस का प्रमुख स्टापेज है परन्तु इस चौक में राहगीरों को मूलभूत सुविधा नही मिल रही है।

सुविधा के अभाव में यात्रियों को परेशान होते देखा जा सकता है। चौक में यात्रियों के ठहरने, पेयजल, प्रसाधन की कोई व्यवस्था नही है। कवर्धा, राजनांदगांव एवं साल्हेवारा तीनों मार्ग में यात्री प्रतिक्षालय बनाया गया है जो रखरखाव के अभाव में जर्जर हो गया है। राजनांदगांव साल्हेवारा मार्ग का प्रतिक्षालय का ढ़ाई साल पहले ही निर्माण किया गया है यहां मवेशियों का जमघट लगा रहता है। प्रतिक्षालय की कुर्सी भी जीर्णशीर्ण अवस्था में है। जहां तहां कचरा बिखरा रहता है।

राजनांदगांव मार्ग पर स्थित प्रतिक्षालय में कूडा कचरा भरा है। यहां तीन प्रतिक्षालय जरूर है किन्तु उनका उपयोग नहीं हो रहता है। जहां बस रुकती है वहां एक भी प्रतिक्षालय नहीं है। तीनों प्रतिक्षालय तीन दिशा में दूर दूर बनाया गया है जिससे उसका उपयोग नही हो रहा है। प्रतिक्षालय में शाम होते ही असमाजिक तत्वों का जमावड़ा लग जाता है।




### महिलाएं होती हैं परेशान

नर्मदा चौक में प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आना जाना लगा रहता है। सभी बसें 5 से 20 मिनट तक रुकती हैं लेकिन यात्रियों के प्रसाधन की कोई व्यवस्था नहीं है जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। सबसे अधिक परेशान महिलाएं होती है। प्रसाधन के लिए महिलाओं को इधर उधर भटकना पड़ता है।

परिहार हॉस्पिटल कवर्धा
मदर एवं चिल्ड्रन हॉस्पिटल
- स्मार्ट कार्ड से निःशुल्क ईलाज
- किफायती दरों में नॉर्मल व सिजेरियन डिलीवरी
- नवजात शिशु व बच्चों के ईलाज की आधुनिक सुविधाएं
- निःसन्तान दंपतियों को परामर्श, जांच व ईलाज की सुविधा
- सभी प्रकार की जनरल व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी (बच्चादानी, हर्निया, हाईड्रोसिल, पथरी, प्रोस्टेट व एपेंडिक्स) किफायती दरों में
सम्पर्क : 9753059148
परिहार हॉस्पिटल मिनीमाता चौक, कवर्धा

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशि:-स्लीपर-18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411